# BIHAR BOARD QUESTION PAPER

# INTERMEDIATE EXAMINATION - 2023

# इंटरमीडिएट परीक्षा - 2023

## (ANNUAL / वार्षिक)

# HISTORY

समय : 3 घंटे 15 मिनट] [पूर्णांक : 100

परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :

1. परीक्षार्थियों OMR उत्तर पत्रक पर अपना प्रश्न पुस्तिका क्रमांक (10 अंकों का) अवश्य लिखें।

2. परीक्षार्थियों थासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।

3. दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।

4. प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़ने के लिए परीक्षार्थियों को 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।

5. यह प्रश्न पुस्तिका दो खण्डों में है-खण्ड 'अ' एवं खण्ड 'ब'

6. खण्ड 'अ' में 100 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, जिनमें से किन्हों 50 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है। 50 प्रश्नों से अधिक का उत्तर देने पर प्रथम 50 का ही मूल्यांकन होगा। प्रत्येक के लिए 1 अंक निर्धारित है। इनका उत्तर देने के लिए उपलब्ध कराये गए OMR उत्तर-पत्रक में दिए गए सही विकल्प को नीले / काले बॉल पेन से प्रगाढ़ करें। किसी भी प्रकार के व्हाइटनर / तरल पदार्थ / ब्लेड / नाखून आदि का OMR उत्तर पत्रक में प्रयोग करना मना है, अन्यथा परीक्षा परिणाम अमान्य होगा।

7. खण्ड-ब में 30 लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित है, जिनमें से किन्हीं 15 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य हैं। इनके अतिरिक्त इस खण्ड में 8 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं, प्रत्येक के लिए 5 अंक निर्धारित है, जिनमें से किन्हीं 4 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है।

8. किसी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का प्रयोग पूर्णतया वर्जित है।

## SECTION - A

प्रश्न संख्या 1 से 100 तक के प्रत्येक प्रश्न के साथ चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से एक सही है। आपको 100 प्रश्नों में से किन्ही 50 प्रश्नों का ही उत्तर देना है। अपने द्वारा चुने गए सही विकल्प को OMR शीट पर चिह्नित करें।

1. 1857 के विद्रोह को किसने 'राष्ट्रीय विद्रोह' कहा है?

(a) कार्ल मार्क्स

(b) लारेन्स

(c) सावरकर

(d) इनमें से कोई नहीं

2. बीबीघर कत्लेंआम कहाँ पर हुआ था ?

(a) झाँसी

(b) कानपुर

(c) सागर

(d) लखनऊ

3. स्वेज नहर व्यापार हेतु कब खोली गयी थी ?

(a) 1870 ई.

(b) 1869 ई.

(c) 1878 ई.

(d) 1860 ई.

4. सात द्वीपों का नगर किसे कहा जाता है ?

(a) बम्बई

(b) कलकत्ता

(c) शिमला

(d) बैंगलोर

5. अखिल भारतीय स्तर पर पहली जनगणना कब हुई थी ?

(a) 1871

(b) 1872

(c) 1891

(d) 1894,

6. 'करो या मरो' का नारा किसने दिया था ?

(a) गाँधी

(b) तिलक

(c) गोखले

(d) सुभाष चन्द्र बोस

7. दांडी यात्रा का नेतृत्व किसने किया था ?

(a) गाँधी

(b) नेहरु

(c) पटेल

(d) इनमें से कोई नहीं

8. चम्पारण आंदोलन किस वर्ष शुरू हुआ था?

(a) 1920 ई.

(b) 1930 ई.

(c) 1925 ई.

(d) 1917 ई.

9. महात्मा गांधी के बचपन का क्या नाम था ?

(a) तनु

(b) मोनिया

(c) केसर

(d) गोविन्द

10. गांधीजी ने असहयोग आंदोलन किस वर्ष आरम्भ किया था ?

(a) 1920

(b) 1922

(c) 1930

(d) 1942

11. जजिया किससे लिया जाता था ?

(a) व्यापारियों से

(b) बुद्धिजीवियों से

(c) सैनिकों

(d) जिम्म्यों से

12. दिल्ली किस नदी के किनारे स्थित है ?

(a) सोन

(b) यमुना

(c) गोमती

(d) गंगा

13. कबीर शिष्य थे

(a) रामानुज के

(b) नानक के

(c) रामानन्द के

(d) श्रीरंगम के

14. भारत में रेलवे की शुरूआत हुई थी

(a) 1753 ई. में

(b) 1973 ई. में

(c) 1853 ई. में

(d) इनमें से कोई नहीं

15. महात्मा गाँधी की आत्मकथा किस भाषा में है ?

(a) अंग्रेजी

(b) गुजराती

(c) हिन्दी

(d) बंगला

16. बंगाल के विभाजन की घोषणा किस वर्ष हुई ?

(a) 1905

(b) 1906

(c) 1911

(d) 1914

17. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के संस्थापक कौन थे ?

(a) ए. ओ. ह्यूम

(b) रानी लक्ष्मीबाई

(c) गाँधीजी

(d) नेहरू

18. भारत किस वर्ष गणतंत्र हुआ ?

(a) 1947

(b) 1950

(c) 1952

(d) 1957

19. घोड़े की हड्डियों के साक्ष्य कहाँ से मिले हैं?

(a) लोथल

(b) कालीबंगा

(c) सुरकोतड़ा

(d) इनमें से कोई नहीं

20. सर्वाधिक प्राचीन स्मृति ग्रंथ कौन है ?

(a) नारद स्मृति

(b) याज्ञवल्क्य

(c) मनुस्मृति

(d) गौतम स्मृति

21. अल-बरूनी का जन्म कहाँ हुआ था ?

(a) ख्वारिज्म

(b) तैंजियर

(c) गजनी

(d) लाहौर

22. रैयतवाड़ी बन्दोबस्त कहाँ लागू किया गया ?

(a) उत्तर प्रदेश

(b) बंगाल

(c) बिहार

(d) बम्बई एवं मद्रास

23. महालवाड़ी बन्दोबस्त कहाँ लागू किया गया ?

(a) बंगाल

(b) उत्तर प्रदेश, मध्य प्रांत

(c) बम्बई

(d) मद्रास

24. मुंडा विद्रोह का नेता था

(a) बिरसा मुण्डा

(b) कान्हू मुण्डा

(c) सिद्ध

(d) गोमधर

25. फोर्ट विलियम कहाँ स्थापित किया गया ?

(a) बम्बई

(b) कलकत्ता

(c) मद्रास

(d) दिल्ली

26. 'सर्व ऑफ इण्डिया' का गठन किया गया था

(a) 1767 ई. में

(b) 1878 ई. में

(c) 1888 ई. में

(d) 1898 ई. में

27. संविधान सभा में कुल कितने सदस्य थे ?

(a) 150

(b) 200

(c) 250

(d) 398

28. तलवन्डी किसका जन्म स्थान है ?

(a) कबीर

(b) नानक

(c) रैदास

(d) मीरा

29. भारत का अंतिम मुगल शासक कौन थे ?

(a) शाहजहाँ

(b) मुहम्मद शाह

(c) औरंगजेब

(d) बहादुरशाह जफर

30. महात्मा गांधी का जन्म कब हुआ था ?

(a) 1862 ई. में

(b) 1863 ई. में

(c) 1869 ई. में

(d) 1870 ई. में

31. 1942 में कौन-सा आंदोलन हुआ था ?

(a) खिलाफत

(b) असहयोग

(c) सविनय अवज्ञा

(d) भारत छोड़ो

32. सुभाष चन्द्र बोस भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष कब चुने गए थे ?

(a) 1938 ई. में

(b) 1939 ई. में

(c) 1938 एवं 1939 ई. में

(d) कभी नहीं

33. काला कानून किसे कहा गया ?

(a) रौलेट एक्ट

(b) हण्डर रिपोर्ट

(c) वुड्स डिस्पेच

(d) 1919 अधिनियम

34. 1939 में फारवर्ड ब्लॉक की स्थापना किसने की थी ?

(a) जिन्ना

(b) एम.एन.राय

(c) राजगोपालाचारी

(d) सुभाष चन्द्र बोस

35. कैबिनेट मिशन किस वर्ष भारत आया था ?

(a) 1944 ई.

(b) 1945 ई.

(c) 1946 ई.

(d) 1947 ई.

36. मुस्लिम लीग द्वारा मुक्ति दिवस कब मनाया गया ?

(a) 22 दिसम्बर, 1935

(b) 22 दिसम्बर, 1936

(c) 22 दिसम्बर, 1938

(d) 22 दिसम्बर, 1939

37. भारत का विभाजन ब्रिटिश शासन को किस योजना का परिणाम है ?

(a) माउण्टबेटन योजना

(b) क्रिप्स योजना

(c) कैबिनेट मिशन योजना

(d) इनमें से कोई नहीं

38. सीधी कार्रवाई की धमकी किसने दी थी ?

(a) हिन्दू महासभा

(b) मुस्लिम लीग

(c) स्वराज दल

(d) कांग्रेस

39. स्वतंत्र भारत का प्रथम गवर्नर जनरल कौन था ?

(a) लार्ड माउंटबेटन

(b) सी. राजगोपालाचारी

(c) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद

(d) क्रिप्स

40. भारतीय संविधान सभा के अध्यक्ष कौन थे ?

(a) जवाहरलाल नेहरू

(b) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद

(c) सरदार पटेल

(d) बी. आर. अम्बेडकर

41. मोहनजोदड़ो किस नदी के किनारे स्थित है ? ?

(a) रावी

(b) सिन्धु

(c) व्यास

(d) सतलज

42. मोहनजोदड़ो की खोज 1922 में किसने की थी

(a) दयाराम साहनी

(b) राखालदास बनर्जी

(c) माधोस्वरूप वत्स

(d) रंगनाथ राव

43. कालीबंगा कहाँ स्थित है ?

(a) सिन्ध

(b) बंगाल

(c) पंजाब

(d) राजस्थान

44. सिन्धु सभ्यता में गोदीं कहाँ से मिला है ?

(a) कालीबंगा

(b) रोपड़

(c) बनवाली

(d) लोथल

45. निम्नलिखित देवताओं में से कौन सैन्धव सभ्यता के प्रमुख देवता थे ?

(a) गणेश

(b) शिव

(c) विष्णु

(d) वरूण

46. अशोक का संबंध किस वंश से है ?

(a) शुंग

(b) नन्द

(c) गुप्त

(d) मौर्य

47. मेगास्थनीज भारत में किसके दरबार में आया था ?

(a) चन्द्रगुप्त मौर्य

(b) बिन्दुसार

(c) अशोक

(d) कनिष्क

48. महाभाष्य के लेखक कौन हैं ?

(a) कौटिल्य

(b) कालिदास

(c) हरिषेण

(d) पतंजलि

49. प्रयाग प्रशस्ति का संबंध किस गुप्त शासक से है ?

(a) चन्द्रगुप्त-1

(b) समुद्रगुप्त

(c) स्कन्दगुप्त

(d) चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य

50. किस शासक को प्रियदर्शी कहा गया है ?

(a) अशोक

(b) समुद्रगुप्त

(c) चन्द्रगुप्त

(d) बिन्दुसार

51. गौतम बुद्ध का जन्म कब हुआ ?

(a) 463 ई. पूर्व

(b) 468 ई. पूर्व

(c) 563 ई. पूर्व

(d) 540 ई. पूर्व

52. महावीर स्वामी की माता का नाम था

(a) त्रिशला

(b) महामाया

(c) यशोधरा

(d) अणेज्या

53. भारत में मुगल साम्राज्य की स्थापना कब हुई ?

(a) 1206 ई.

(b) 1336 ई.

(c) 1526 ई.

(d) 1556 ई.

54. पानीपत का द्‌वितीय युद्‌ध कब हुआ ?

(a) 1526 ई.

(b) 1556 ई.

(c) 1665 ई.

(d) 1761 ई.

55. मुगल काल में सिंचाई का साधन क्या था ?

(a) कुँआ

(b) तालाब

(c) नहर

(d) इनमें से सभी

56. बाबर द्वारा कौन-सा ग्रंथ लिखा गया ?

(a) अकबरनामा

(b) बाबरनामा

(c) हुमायूँनामा

(d) जहाँगीरनामा

57. विजयनगर साम्राज्य से सम्बंधित वंश है

(a) संगम वंश

(b) सुलुव वंश

(c) तुलुव वंश

(d) इनमें से सभी

58. विजयनगर की स्थानीय मातृदेवी कौन थी ?

(a) लक्ष्मी

(b) पम्पादेवी

(c) शुभदार्गी

(d) महानवमी

59. कृष्णास्वामी मंदिर का निर्माता कौन था ?

(a) कृष्णदेवराय

(b) देवराय प्रथम

(c) देवराय द्वितीय

(d) हरिहर

60. हिन्दू परम्परा में मोक्ष प्राप्ति का मार्ग है

(a) ज्ञान मार्ग

(b) कर्म मार्ग

(c) भक्ति मार्ग

(d) इनमें से सभी

61. धम्म महामात्रों को किसने नियुक्त किया था ?

(a) चन्द्रगुप्त मौर्य

(b) अशोक

(c) कनिष्क

(d) बिन्दुसार

62. महाभारत की रचना किस भाषा में हुई थी

(a) संस्कृत

(b) पाली

(c) प्राकृत

(d) हिन्दी

63. मनुस्मृति में कितने प्रकार के विवाह का उल्लेख है ?

(a) चार

(b) छः

(c) आठ

(d) दस

64. महात्मा बुद्ध को ज्ञान की प्राप्ति कहाँ हुई थी ?

(a) लुम्बिनी

(b) सारनाथ

(c) बोधगया

(d) कुशीनगर

65. बुद्ध का बचपन का नाम क्या था ?

(a) वर्धमान

(b) सिद्धार्थ

(c) देवदत्त

(d) राहुल

66. वेदों की संख्या कितनी है ?

(a) 3

(b) 4

(c) 5

(d) 6

67. प्राचीन भारत में धम्म की शुरूआत किस शासक ने की थी ?

(a) चन्द्रगुप्त मौर्य

(b) अशोक

(c) कनिष्क

(d) समुद्रगुप्त

68. किस ग्रंथ में आदम से लेकर अकबर के काल तक का इतिहास मिलता है ?

(a) बाबरनामा

(b) अकबरनामा

(c) जहाँगीरनामा

(d) इनमें से सभी

69. आइन-ए-अकबरी में भूमि को कितने भागों में बाँटा गया है ?

(a) दो

(b) चार

(c) पाँच

(d) छः

70. मुगल दरबार में अभिवादन का तरीका निम्न में से कौन-सा था ?

(a) कोर्निश

(b) सजदा

(c) पायबोस

(d) इनमें से सभी

71. वल्लभाचार्य का जन्म कहाँ हुआ था ?

(a) आगरा

(b) बैंगलोर

(c) वाराणसी

(d) श्रीरंगपट्टनम

72. निजामुद्दीन औलिया की दरगाह कहाँ है?

(a) दिल्ली

(b) आगरा

(c) अजमेर

(d) फतेहपुर सिकरी

73. 'किताब-उर-रेहला' में किसका यात्रा वृत्तान्त मिलता है ?

(a) अल-बरूनी

(b) अब्दुर्रज्जाक

(c) इब्न-बतूता

(d) बर्नियर

74. मध्ययुगीन यात्रियों का सरताज किस यात्री को कहा जाता है ?

(a) अल-बरूनी

(b) मार्को पोलो

(c) बर्नियर

(d) इब्न-बतूता

75. इब्न-बतूता किश शासक के शासनकाल में भारत आया था ?

(a) मुहम्मद बिन तुगलक

(b) बलबन

(c) रजिया सुल्तान

(d) सिकन्दर लोदी

76. फ्रांसिस बुकानन कौन था ?

(a) सैनिक

(b) गायक

(c) अभियन्ता

(d) सर्वेक्षक

77. रैयतवाड़ी व्यवस्था में भूमि का स्वामी कौन होता था ?

(a) जमींदार

(b) ब्रिटिश सरकार

(c) किसान

(d) इनमें से कोई नहीं

78. सिद्ध-कान्हु ने किसका नेतृत्व किया था ?

(a) संथालों का

(b) मुण्डाओं का

(c) पंजाबियों का

(d) इनमें से कोई नहीं

79. रानी लक्ष्मीबाई को और किस नाम से जाना जाता था ?

(a) छबीली

(b) मनु

(c) मणिकर्निका

(d) इनमें से सभी

80. व्यपगत के सिद्धान्त का संबंध किससे है ?

(a) कर्जन से

(b) डलहौजी से

(c) लिटन से

(d) रिपन से

81. 'जय हिन्द' का नारा किसने दिया ?

(a) भगत सिंह

(b) आजाद

(c) नेहरू

(d) सुभाष बोस

82. अकबर के राज में राजस्व व्यवस्था किसके हाथ में था ?

(a) बीरबल

(b) बैरम खाँ

(c) मान सिंह

(d) टोडरमल

83. ताजमहल किस नदी के किनारे स्थित है ?

(a) सोन

(b) यमुना

(c) गोमती

(d) गंगा

84. मौर्य साम्राज्य का प्रथम शासक कौन था ?

(a) बिन्दुसार

(b) चन्द्रगुप्त मौर्य

(c) अशोक

(d) महेन्द्र

85. भारतीय पुरातत्व का पिता किसे कहा जाता है ?

(a) लार्ड कर्जन को

(b) अलेक्जेंडर कनिंघम को

(c) दयाराम साहनी को

(d) लार्ड डलहौजी को

86. ईस्ट इंडिया कम्पनी को बंगाल की दीवानी किसने प्रदान की ?

(a) सिराजुद्दौला

(b) शुजाउद्दौला

(c) शाह आलम द्वितीय

(d) मीर कासिम

87. 'मज्म-उल-बहरीन' की रचना किसने की ?

(a) गुलबदन बेगम

(b) औरंगजेब

(c) दारा शिकोह

(d) जैबुन्निसा

88. लिंगायत आंदोलन का प्राभुर्भाव कहाँ हुआ ?

(a) तमिलनाडु

(b) कर्नाटक

(c) उड़ीसा

(d) कश्मीर

89. इब्न-बतूता कितने वर्षों तक भारत में रहा ?

(a) 8 वर्ष

(b) 10 वर्ष

(c) 14 वर्ष

(d) 16 वर्ष

90. 'लॉटरी कमेटी' का गठन कब किया गया ?

(a) 1810 ई.

(b) 1817 ई.

(c) 1825 ई.

(d) 1828 ई.

91. भारत का प्रथम मुगल सम्राट कौन था ?

(a) बाबर

(b) औरंगजेब

(c) मुहम्मद शाह

(d) बहादुर शाह जफर

92. अकबर निम्नलिखित में से किस पर अधिकार नहीं कर सका?

(a) मारवाड़

(b) मेवाड़

(c) जोधपुर

(d) चित्तौड़

93. दीन-ए-इलाही किससे संबंधित है ?

(a) बाबर से

(b) अकबर से

(c) हुमायूँ से

(d) शाहजहाँ से

94. तुजुक-ए-बाबरी के लेखक कौन हैं ?

(a) बाबर

(b) अकबर

(c) हुमायूँ

(d) हैजी

95. आलमगीर के नाम से कौन-सा मुगल बादशाह जाना जाता था ?

(a) जहाँगीर

(b) शाहजहाँ

(c) औरंगजेब

(d) बहादुरशाह

96. मुगल प्रशासन में जिले को किस नाम से जाना जाता था ?

(a) आहर

(b) सूबा

(c) सरकार

(d) दस्तूर

97. हम्पी को यूनेस्को द्वारा विश्व पुरातत्व स्थल किस वर्ष घोषित किया गया ?

(a) 1856 इ

(b) 1876

(c) 1902

(d) 1986

98. तेनालीराम का संबंध किस साम्राज्य से है ?

(a) विजयनगर

(b) बीजापुर

(c) मुगल

(d) बहमनी

99. हरिहर एवं बुक्का ने कब विजयनगर साम्राज्य की स्थापना की थी ?

(a) 1326 ई.

(b) 1336 ई.

(c) 1939 ई.

(d) 1356 ई.

100. नानक का जन्म स्थान कहाँ है ?

(a) काशी

(b) अमृतसर

(c) पटना

(d) तलवंडी

## SECTION-B

प्रश्न संख्या 1 से 30 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। किन्हीं 15 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक के लिए 2 अंक निर्धारित है। अधिकतम 50 शब्दों में प्रत्येक का उत्तर दें।

1. मुस्लिम लीग द्वारा मुक्ति दिवस क्यों मनाया गया ?

2. भारत के विभाजन को प्रेरित करनेवाले दो कारणों को बताइए।

3. भारतीय संविधान की दो प्रमुख विशेषताओं को बताइए।

4. चॉल इमारतों को समझाइये।

5. 1929 ई. में आयोजित कांग्रेस का लाहौर अधिवेशन किन दो कारणों से महत्त्वपूर्ण माना जाता है ?

6. भारत छोड़ो आंदोलन के दो कारण बताइए।

7. किन्हीं दो स्मृतियों के नाम लिखिए।

8. मगध साम्राज्य के उत्थान के दो महत्त्वपूर्ण कारण बताइए।

9. महात्मा बुद्ध के ज्ञान प्राप्ति एवं निर्वाण स्थल के नाम बताइए।

10. कार्बन-14 विधि क्या है ?

11. विश्व के किन्हीं चार आश्चर्यों के नाम बताइए।

12. गुप्त काल के दो प्रसिद्ध मंदिरों के नाम बताइए।

13. किताब-उल-हिन्द की दो विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।'

14. सहायक संधि से आप क्या समझते हैं ?

15. प्लासी का युद्ध कब और किसके मध्य हुआ था ?

16. आइन-ए-अकबरी के अनुसार भूमि को किन-किन वर्गों में वर्गीकृत किया गया था ?

17. अकबर का जन्म कब और कहाँ हुआ था ?

18. मुगल दरबार में प्रचलित अभिवादन के दो तरीकों का उल्लेख कीजिए।

19. गोपुरम से आप क्या समझते हैं ?

20. विजयनगर साम्राज्य पर शासन करनेवाले किन्हीं दो वंशों के नाम बताइए।

21. लिंगायत समुदाय की दो विशेषताएँ बताइए।

22. हड़प्पा सभ्यता की किन्हीं दो विशेषताओं का उल्लेख करें।

23. हड़प्पा सभ्यता के चार प्रमुख नगरों के नाम बताइए।

24. पाटलिपुत्र नगर की स्थापना किसने और कब की थी ?

25. 1857 की क्रांति में प्रमुख भूमिका निभानेवाली दो महिलाओं के नाम लिखिए।

26. बिहार में 1857 की क्रांति में भाग लेनेवाले किन्हीं दो के नाम बताइए।

27. 1857 की क्रांति का तात्कालिक कारण क्या था ?

28. जैन धर्म में पंच महाव्रत क्या था ?

29. बुद्ध के संदेश भारत के बाहर किन-किन देशों में फैले ? दो नाम बताइए।

30. जैन धर्म एवं बौद्ध धर्म में चार समानताओं को बताइए।

प्रश्न संख्या 31 से 38 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक के लिए 5 अंक निर्धारित है। 100-120 शब्दों में प्रत्येक का उत्तर दें।.

31. हड़प्पा सभ्यता की धार्मिक एवं सामाजिक स्थिति की विवेचना कीजिए।

32. मगध साम्राज्य के उत्थान के क्या कारण थे ?

33. बौद्ध धर्म के पतन के कारणों का उल्लेख कीजिए।

34. मुगल कालीन भू-राजस्व व्यवस्था पर प्रकाश डालिए।

35. अकबर की उपलब्धियों पर प्रकाश डालिए।

36. स्थायी बन्दोबस्त पर एक लघु निबन्ध लिखें।

37. क्रिप्स मिशन की असफलता के कारणों की व्याख्या कीजिए।

38. भारत विभाजन के लिए उत्तरदायी कारणों का वर्णन करें।